हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 22 जून 2026




तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 27. 0 डिग्री


योग हमारी विरासत और स्वस्थ जीवन का आधार : चौधरी

4




## खबर संक्षेप

### नहरिया बाबा मंदिर मार्ग का किया गया मरम्मत

**जांजगीर-चांपा।** नहरिया बाबा मार्ग में बने गड्ढे में स्लेब चूड़ी डालकर मरम्मत का कार्य कराया गया है। अब दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी होगी। नगर एवं आसपास क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल श्रीसिद्ध नहरिया बाबा मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन हेतु पहुंचते हैं। पंतोरा, बलौदा, कोरबा, सिवनी सरखों पहारिया सहित विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले भक्तजन मंदिर तक पहुंचने के लिए नहर मार्ग का उपयोग करते हैं। इस मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए थे, जिससे श्रद्धालुओं को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। विशेषकर बारिश के मौसम में मंदिर पहुंचना काफी मुश्किल हो गया था। श्रद्धालुओं की इस समस्या को देखते हुए प्रकाश स्पंज आयरन चांपा के सहयोग से मार्ग का सुधार कार्य कराया गया। मशीनों की सहायता से मार्ग पर स्लैग चूरी बिछवाकर रोलिंग कराई गई, सड़क को समतल एवं सुगम बनाया गया। मार्ग के सुधार हो जाने से अब बारिश के दौरान भी श्रद्धालुओं का मंदिर तक आना-जाना सुरक्षित एवं सुविधाजनक हो सकेगा।

### शासकीय भूमि पर कब्जा, जांच में पुष्टि के बाद भी कार्रवाई नहीं

**बम्हनीडीह।** बम्हनीडीह बलॉक के ग्राम पंचायत कपिस्दा में शासकीय भूमि पर बेजाकब्जा का मामला सामने आया है। खास बात यह है कि जांच में इसकी पुष्टि होने के बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है। जानकारी के अनुसार ग्राम कपिस्दा स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 208/2 पर गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा कथित रूप से अवैध कब्जा कर खेती की जा रही है। आरोप है कि उक्त भूमि को कूट रचना कर अपने नाम दर्ज भी करवा लिया गया। मामले की शिकायत ग्रामीण ठाकुर सिंह ने सुशासन तिहार के दौरान बंसुला शिविर में की थी। शिकायत के बाद मौके पर मौजूद अधिकारियों ने पटवारी को जांच कर मौका पंचनामा एवं प्रतिवेदन तैयार करने के निर्देश दिए। जांच के दौरान पटवारी ने पाया कि संबंधित भूमि पूर्व रिकॉर्ड में शासकीय भूमि दर्ज है तथा वर्तमान में उस पर कब्जा कर खेती की जा रही है। इसके बाद पटवारी ने अपनी रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को सौंप दी। ग्रामीणों का कहना है कि जब जांच में शासकीय भूमि पर कब्जे की पुष्टि हो चुकी है, तो फिर अब तक अतिक्रमण हटाने और दोषियों पर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है। इस संबंध में पटवारी संजय देवांगन का कहना है कि पंचनामा तैयार कर ऑफिस में जमा कर दिया हूं। ऑनलाइन भी कर दिया हूं। आगे की कार्यवाही में उन्हें नोटिस भेजकर बुलाया जाएगा। उक्त जमीन का विवरण मांगा जाएगा।

### उधारी के पैसे मांगने पर घर में घुसकर हमला, पांच गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** पामगढ़ थाना क्षेत्र में ग्राम भैसों में उधारी के पैसे मांगने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दुकान संचालक के साथ मारपीट करने और उसके घर में घुसकर धमकी देने के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भैंसो निवासी मुकेश लहरे ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 14 जून की सुबह चंडीपारा निवासी आकाश जायसवाल उर्फ आगा अपने साथियों के साथ उसकी दुकान पर पहुंचा। आरोप है कि उसने पांच पैकेट सिगरेट और दस नग राजश्री लेने के बाद भुगतान नहीं किया। पैसे मांगने पर आरोपियों ने गाली-गलौज की और विवाद शुरू कर दिया। इस दौरान मुकेश ने घटना का वीडियो बना लिया तथा मारपीट की गई। पुलिस ने इस मामले में आकाश जायसवाल 28 वर्ष, विकास यादव 21 वर्ष, विशाल मरकाम उर्फ रिंकू सिदार 26 वर्ष, सूरज कश्यप उर्फ गोलू 23 वर्ष तथा संजय कश्यप 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# जिले के 5 स्कूलों में खुलेगी फाइनेंशियल लैब, बच्चे खेल-खेल में सीखेंगे वित्तीय प्रबंधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

स्कूली विद्यार्थियों में वित्तीय प्रबंधन को लेकर सोंच विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। जिले के 5 शासकीय विद्यालयों में इस सत्र से वित्तीय प्रयोगशाला खुलेंगे। फाइनेंशियल लैब के संचालन एवं प्रभावी उपयोग के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। वहीं प्रयोगशाला को नियमित शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन के लिए तरह तैयार कर लिया गया है। फाइनेंशियल लैब में स्कूली बच्चे खेल-खेल में वित्तीय प्रबंधन सिखेंगे।

वित्तीय प्रयोगशाला एक अभिनव शिक्षण पहल है, जहां विद्यार्थी खेलों, गतिविधियों, सिमुलेशनों तथा वास्तविक जीवन आधारित परिस्थितियों के माध्यम से वित्तीय साक्षरता, बैंकिंग, बीमा, बचत, निवेश, बजट निर्माण, उद्यमिता, उपभोक्ता जागरूकता एवं साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों को व्यवहारिक रूप सीख सकेंगे। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में कम आयु से ही जिम्मेदार वित्तीय व्यवहार, निर्णय क्षमता, समस्या समाधान कौशल तथा उद्यमशील सोच विकसित करना है। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुभवात्मक एवं कौशल आधारित शिक्षण के उद्देश्यों के अनुरूप है। जिले के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अकलतरा, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बलौदा, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पामगढ़, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बिर्रा तथा पीएम श्री विद्यालय नवागढ़ में वित्तीय प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं। विद्यार्थियों में इससे खेल-खेल में बैंकिंग,बचत,निवेश और साइबर सुरक्षा की समझ विकसित होगी। फाइनेंशियल लैब संचालन के लिए शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कलेक्टर जन्मेजय महोबे की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रशिक्षित शिक्षकों ने वित्तीय प्रयोगशालाओं में संचालित होने वाली गतिविधियों का प्रदर्शन किया। प्रशिक्षण दौरान कलेक्टर तथा आईडीबीआई बैंक के क्षेत्रीय एवं जोनल स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों ने वित्तीय प्रयोगशाला का अवलोकन किया। प्रशिक्षित शिक्षकों ने विभिन्न खेलों, गतिविधियों, सिमुलेशनों, भूमिका-अभिनय एवं अनुभवात्मक शिक्षण मॉडलों के माध्यम से बताया कि किस प्रकार विद्यार्थियों को वित्तीय विषयों की जटिल अवधारणाएं सरल, रोचक और व्यवहारिक तरीके से समझाई जा सकती हैं। प्रशिक्षण में शामिल शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि वित्तीय प्रयोगशालाएं विद्यार्थियों के लिए सीखने की प्रक्रिया को अधिक रोचक, सहभागितापूर्ण और प्रभावी बनाएंगी।

## प्रयोगशाला संचालन के लिए शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

### भविष्य की आर्थिक चुनौतियों में मिलेगी मदद

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कहा कि वर्तमान समय में वित्तीय साक्षरता एक आवश्यक जीवन कौशल बन चुकी है। वित्तीय प्रयोगशालाएं विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं देंगी, बल्कि उन्हें वास्तविक जीवन में वित्तीय निर्णय लेने की समझ और क्षमता भी प्रदान करेंगी। उन्होंने कहा कि खेल आधारित एवं सहभागितापूर्ण शिक्षण पद्धति विद्यार्थियों को भविष्य की आर्थिक चुनौतियों और अवसरों के लिए तैयार करेगी। आईडीबीआई बैंक के अधिकारियों ने कहा कि यह परियोजना विद्यार्थियों में वित्तीय अनुशासन, बचत की आदत और आर्थिक समझ विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी तथा उन्हें भविष्य के लिए अधिक सक्षम बनाएगी। यह पहल आईडीबीआई बैंक की सीएसआर परियोजना के अंतर्गत संचालित की जा रही है, जिसका क्रियान्वयन संस्था सी फॉर कॉमर्स द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से किया गया है।



## दोपहर डेढ़ बजे के बाद बंद कर दिए गए थे केन्द्र के मुख्य द्वार

# कड़ी सुरक्षा के बीच नीट परीक्षा 1300 से अधिक अभ्यर्थी शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के द्वारा आयोजित नीट परीक्षा में शामिल होने के लिए 1 हजार 493 अभ्यर्थियो ने ऑनलाइन आवेदन जमा किए थे। परीक्षा मे करीब 1 हजार 367 अभ्यर्थी शामिल हुए वहीं 126 परीक्षा से अनुपस्थित रहे। परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच आयोजित की गई। नीट परीक्षा को लेकर 5 केन्द्र बनाए गऐ थे।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के द्वारा मेडिकल पाठयक्रमो में प्रवेश के लिए होने वाले राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा का आयोजन 3 मई को किया गया था। पेपर लीक होने के बाद दोबारा इस परीक्षा का आयोजन रविवार 21 जून को दोपहर 2 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक आयोजित किया गया। परीक्षा को लेकर 5 केन्द्र बनाए गए थे। परीक्षा में शामिल होने के लिए 1 हजार 493 अभ्यर्थियों ने आनलाइन आवेदन जमा किये थे। इस परीक्षा में 1 हजार 367 युवा परीक्षा में शामिल हुए वहीं 126 लोग परीक्षा से अनुपस्थित रहे। आंकड़ो पर एक नजर डाली जाए तो केन्द्रीय विद्यालय जांजगीर में आयोजित नीट की परीक्षा में 355 अभ्यर्थी शामिल हुए वहीं 29 लोग परीक्षा से गैर हाजिर रहे। इसी प्रकार पालिटेक्निक कालेज जांजगीर को भी केन्द्र बनाया गया था। इस दौरान परीक्षा में 286 अभ्यर्थी शामिल हुए वहीं 26 युवा परीक्षा देने के लिए नहीं पहुंचे। आत्मानंद स्कूल जांजगीर क्रमांक 1 को भी इसके लिए केन्द्र बनाया गया था। इस दौरान नीट की परीक्षा में 214 लोग शामिल हुए जबकि 26 युवा परीक्षा से गैर हाजिर रहे। इसी तरह कन्या महाविद्यालय जांजगीर को नीट परीक्षा के लिए केन्द्र बनाया गया था। इस बीच परीक्षा में 181 अभ्यर्थी शामिल हुए वहीं पंजीयन के बाद भी 16 युवाओ ने परीक्षा नहीं दी। नीट परीक्षा को लेकर पी जी महाविद्यालय चाम्पा को भी केन्द्र बनाया गया था। इस दौरान यहां आयोजित परीक्षा में 331 अभ्यर्थी शामिल हुए वहीं 29 युवा परीक्षा से अनुपस्थित रहे। इधर नीट परीक्षा को लेकर जांजगीर में रविवार को काफी चहल पहल देखी गई। साथ ही साथ परीक्षा को लेकर व्यापक सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। परीक्षा को लेकर नोडल अफसर शशि चौधरी का कहना है कि नीट परीक्षा में शामिल होने के लिए 1493 अभ्यर्थियो ने आनलाइन आवेदन जमा किए थे। वहीं परीक्षा में 1367 युवा शामिल हुए इसके लिए 5 केन्द्र बनाए गए थे। परीक्षा को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे।



केन्द्र से परीक्षा देकर बाहर निकलते अभ्यर्थी।

# चांपा स्टेशन का आईजी ने किया औचक निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था की परखी हकीकत

## » खामियों को दूर करने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

चांपा रेलवे स्टेशन का रेलवे आईजी ने निरीक्षण किया। इस बीच सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लेने के साथ खामियों को दूर करने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (रेलवे) मुनव्वर खुर्शीद ने चांपा रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा एवं यात्री सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेशन परिसर, यात्री सुरक्षा व्यवस्था, जीआरपी की कार्यप्रणाली तथा उपलब्ध संसाधनों का जायजा लिया। आईजी ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में पाई गई कमियों एवं कमजोरियों पर अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अवैध रूप से स्टेशन एवं ट्रेनों में सामान बेचने वाले वेंडरों के खिलाफ चल रही कार्रवाई की भी समीक्षा की गई। आईजी ने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वेंडरों पर सख्ती बरती जा रही है तथा जुर्माने की राशि बढ़ाकर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। इस दौरान चर्चा में आईजी श्री खुर्शीद ने स्टाफ की कमी से जुड़े सवालों का जवाब देते हुए कहा कि भर्ती प्रक्रिया जारी है और जल्द ही नए जवानों की नियुक्ति के बाद इस समस्या का समाधान हो जाएगा। इससे रेलवे सुरक्षा बल की कार्यक्षमता और बेहतर होगी। रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में बढ़ रही मोबाइल चोरी की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए आईजी ने यात्रियों से सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि जीआरपी लगातार ऐसे मामलों में कार्रवाई कर रही है, लेकिन यात्रियों को भी अपने मोबाइल एवं सामान की सुरक्षा के प्रति जागरूक रहना आवश्यक है। आईजी के इस औचक निरीक्षण से रेलवे सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन की गंभीरता स्पष्ट रूप से सामने आई है। अधिकारियों को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने तथा यात्रियों को सुरक्षित एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।



रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने जाते आईजी।

# मुलमुला क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर लगाए स्पीड ब्रेकर, डेलिनेटर व साइन बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से पुलिस और लोक निर्माण विभाग ने संयुक्त रूप से महत्वपूर्ण पहल की है। थाना मुलमुला क्षेत्र के दुर्घटना संभावित मार्गों पर व्यापक सड़क सुरक्षा कार्य पूरे किए गए हैं, जिनसे सड़क हादसों में कमी आने की उम्मीद जताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग का अमला द्वारा निरीक्षण किय गया था। निरीक्षण के दौरान सड़क पर मौजूद विभिन्न कमियों को चिन्हित किया गया और आवश्यक सुधार कार्यों के लिए संबंधित विभागों को निर्देश जारी किए गए। इसके बाद पुलिस और पीडब्ल्यूडी के समन्वय से सड़क सुरक्षा को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए। थाना मुलमुला क्षेत्र के ग्राम बनाहिल से त्रिमूर्ति चौक तक के मार्ग पर दुर्घटना संभावित स्थानों पर कुल छह जगहों पर सात मीटर लंबे स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं। इनमें बनाहिल में दो,नरियरा में तीन और मुलमुला में एक स्थान शामिल है। इन स्पीड ब्रेकरों का उद्देश्य वाहनों की गति को नियंत्रित कर दुर्घटनाओं की संभावना को कम करना है। इसके अलावा सड़क के अंधे मोड़ों और जोखिम वाले क्षेत्रों में वाहन चालकों को बेहतर मार्गदर्शन देने के लिए कुल 70 डेलिनेटर लगाए गए हैं। ये डेलिनेटर विशेष रूप से रात के समय और कम दृश्यता की स्थिति में वाहन चालकों को सड़क की दिशा समझने में मदद करेंगे।



# बिजली विभाग की उदासीनता से रातभर अंधेरे में डूबा रहा बम्हनीडीह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

नगर पंचायत बम्हनीडीह में लगातार हो रही बिजली कटौती से आम नागरिकों का जीवन प्रभावित हो गया है। भीषण गर्मी के बीच घंटों बिजली बंद रहने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुजुर्ग, महिलाएं और छोटे बच्चे सबसे अधिक प्रभावित हैं।

- रातभर बिजली गुल रहने से जनता परेशान, जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

नगरवासियों का आरोप है कि बिजली व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही है, लेकिन विभाग समस्या के स्थायी समाधान की ओर ध्यान नहीं दे रहा है। शनिवार रात भी कई वार्डों में पूरी रात बिजली बंद रही, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ गई है। नगर में लगातार हो रही बिजली कटौती के कारण लोगों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। भीषण गर्मी में पंखे और कूलर बंद होने से बुजुर्गों तथा बच्चों को रातभर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं को भोजन बनाने और घरेलू कार्यों में भी दिक्कतें हो रही हैं। नागरिकों का कहना है कि बार-बार बिजली जाने से सामान्य जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। नगर के कई घरों में इनवर्टर जैसी वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है। ऐसे में बिजली जाते ही पूरा इलाका अंधेरे में डूब जाता है । बरसात और गर्मी के मौसम में सांप, बिच्छू और अन्य जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा बढ़ जाता है। छोटे बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह स्थिति और अधिक जोखिमपूर्ण बन जाती है। लोगों का कहना है कि लंबे समय तक बिजली बंद रहने से सुरक्षा संबंधी चिंताएं भी बढ़ रही हैं। नगरवासियों का आरोप है कि जब भी बिजली संबंधी समस्या उत्पन्न होती है, तब विभागीय अधिकारियों से संपर्क करना मुश्किल हो जाता है।



विद्युत मंडल कार्यालय बम्हनीडीह।

### जरूरत पड़ने पर करते हैं बंद

बिजली सप्लाई सुचारु रुप से बहाल रहती है। जरूरत पड़ने पर ही लाइन बंद किया जाता है।

-अंकित सोनी, एई
बिजली विभाग बम्हनीडीह

## अकलतरा में गली-गली घुमकर ली समस्या की जानकारी

# पेयजल के लिए मचे हाहाकार के बाद सड़क पर उतरे अफसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अकलतरा में इन दिनों पेयजल संकट ने विकराल रुप ले लिया है। पानी के लिए नगरवासी सड़क पर उतरकर प्रदर्शन कर रहे है। शुक्रवार और शनिवार को तीन स्थानों पर कई घंटों तक चक्काजाम भी किया गया। स्थिति को देखते हुए व्यवस्था बनाने अब प्रशासनिक अफसर सड़क पर उतरे है। रविवार को अपर कलेक्टर और एसडीएम ने गली-गली घूमकर समस्या का जायजा लिया। वहीं जिम्मेदार अधिकारियों को पेयजल सप्लाई की व्यवस्था दुरुस्त करने सख्त हिदायत दी।

अकलतरा नगर में पेयजल आपूर्ति संबंधी समस्या को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने संज्ञान लिया। कलेक्टर के निर्देश पर अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, एसडीएम सुमित बघेल सहित अधिकारियों ने अकलतरा पहुंचकर प्रभावित वार्डों का निरीक्षण किया तथा पेयजल टंकियों एवं जलापूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने नागरिकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर ने नगर पालिका के अधिकारियों को पेयजल समस्या के त्वरित एवं स्थायी निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में पेयजल आपूर्ति के लिए निर्धारित समय सुनिश्चित किया जाए, ताकि सभी वार्डों के नागरिकों को समान रूप से पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि हाल ही में किए गए अतिरिक्त बोरों को शीघ्र मुख्य जलापूर्ति लाइन से जोड़ने की कार्रवाई पूर्ण की जाए, जिससे पेयजल उपलब्धता में सुधार हो सके। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि नागरिकों को नियमित एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने नगर पालिका अकलतरा के सीएमओ की कार्यप्रणाली पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि पेयजल संकट के समाधान हेतु युद्धस्तर पर कार्य किया जाए। कलेक्टर ने चेतावनी दी कि यदि समस्या का संतोषजनक समाधान नहीं किया गया तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की स्थिति की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।



घूम-घूमकर पेयजल व्यवस्था का जायजा लेते अधिकारी।




## खबर संक्षेप



### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ सेमिनार

**कोरबा।** अग्रवाल महिला मंडल के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक विशेष प्रेरणादायक सेमिनार का आयोजन श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में किया गया। इस अवसर पर बेंगलुरु से आई वक्ता सुश्री भव्या सिंघल ने अपने वक्तव्य में कहा कि कोविड के बाद से ही मेरे द्वारा योग को अपनाया गया। योगा यूनिवर्सिटी बैंगलुरू से इस संबंध में मेरे द्वारा प्रशिक्षण भी प्राप्त किया गया। उसे समय के बाद से मेरी लाइफ स्टाइल में परिवर्तन आने शुरू हुए सुश्री सिंगल ने कहा कि हम दवाइयां लेते हैं योग भी करते हैं लेकिन हमारे शरीर में दवाइयां बढ़ती जाती है और हमें स्वास्थ्य का लाभ नहीं मिल पाता। योग के बाद भी हमारी समस्याओं का निदान नहीं होता। हमारे दिनचर्या की छोटी-छोटी चीज हमारे लिए समस्या लेकर आती है हमारे बीमार होने का सबसे बड़ा कारण हमारी सोच होती है हमारी सोच के अनुसार ही हमारा शरीर हारमोंस उत्पन्न करते हैं और यही हमारे शरीर में हानिकारक व लाभदायक भी होते हैं।

### किसानों ने सीखी घन जीवामृत बनाने की विधि

**कोरबा।** खरीफ सीजन के दौरान किसानों को उन्नत एवं प्राकृतिक खेती की तकनीकों से जोड़ने के लिए कृषि विभाग लगातार प्रयासरत है। नवागांव कला में कृषि सखी द्वारा किसानों को घन जीवामृत तैयार करने की विधि की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों ने इस तकनीक को गंभीरता से समझा और अपने खेतों में इसका उपयोग करने की सहमति जताई। कृषि सखी ने किसानों को बताया कि घन जीवामृत प्राकृतिक खेती का एक महत्वपूर्ण घटक है, जो मिट्टी में लाभकारी सूक्ष्मजीवों की संख्या बढ़ाने के साथ-साथ उसकी उर्वरता और जैविक गुणवत्ता में सुधार करता है।

### खदान से सीधे रेल रैक तक पहुंचेगा कोयला

**कोरबा।** कोयला परिवहन व्यवस्था में बड़ा बदलाव आने वाला है। इसके तहत खदानों से निकलने वाला कोयला ट्रकों के बजाय कन्वेयर बेल्ट, साइलो आदि के माध्यम से सीधे रेलवे वैगनों तक पहुंचेगा। इसके लिए कोल इंडिया ने फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी (एफएमसी) परियोजनाओं पर फोकस बढ़ा दिया है।

वित्तीय वर्ष 2026-27 में 131 मिलियन टन वार्षिक क्षमता वाली 13 एफएमसी परियोजनाओं को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इनमें झारखंड और पूर्वी भारत के कई महत्वपूर्ण कोयला क्षेत्र शामिल हैं। फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी यानी खदान से निकलने वाले कोयले को पहले चरण में ही यांत्रिक व्यवस्था से रेलवे नेटवर्क तक पहुंचाने की प्रणाली में कन्वेयर बेल्ट, क्रशर, साइलो और रेलवे लोडिंग सिस्टम विकसित किये जाते हैं। वर्तमान में कई क्षेत्रों में कोयला ट्रकों से रेलवे साइडिंग तक पहुंचाया जाता है। इससे सड़कों पर दबाव बढ़ता है और प्रदूषण की समस्या होती है। एफएमसी प्रणाली इन समस्याओं को काफी हद तक समाप्त कर देगी। जिससे सड़क पर ट्रकों की संख्या घटेगी, धूल और प्रदूषण कम होगा, कोयला तेजी से रेलवे तक पहुंचेगा।

### सिंधु भवन में चोरी करने पहुंचा युवक गिरफ्तार

**कोरबा।** पुरानी बस्ती रानी रोड स्थित सिंधी कॉलोनी में शुक्रवार की देर रात चोरी की कोशिश के दौरान ऐसा घटनाक्रम हुआ कि पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। सिंधी समाज के सिंधु भवन में चोरी की नीयत से घुसा एक शातिर चोर पकड़े जाने के डर से छज्जे से कूद गया। इस दौरान छज्जा रेलिंग समेत टूटकर नीचे खड़ी एक्स्यूवी 300 कार पर जा गिरा, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। शोर सुनकर बाहर निकले लोगों ने आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

# अवैध खनन पर खनिज विभाग की कार्रवाई, 1 जेसीबी समेत 9 वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश एवं उप संचालक, खनि प्रशासन के मार्गदर्शन में खनिज विभाग कोरबा द्वारा जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान खनिज उड़नदस्ता दल ने विभिन्न संदिग्ध क्षेत्रों में छापेमारी कर अवैध गतिविधियों में संलिप्त 1 जेसीबी, 1 ट्रेलर, 2 टीपर एवं 5 ट्रैक्टर सहित कुल 9 वाहनों को जप्त किया।

खनिज विभाग की टीम ने सीतामढ़ी, बरमपुर, कपाटमुड़ा, सुराकछार, बांकीमोगरा, तिलसरा, गुरसिया सहित अन्य क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान बांकीमोगरा, कोसावाड़ी, बरमपुर, घरीपखना एवं गुरसिया क्षेत्र में गिट्टी, मिट्टी और रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन में लगे वाहनों को पकड़कर जप्त किया गया। जप्त वाहनों को बांकीमोगरा थाना, रामपुर थाना, बांगो थाना तथा खनिज जांच चौकी रामपुर-कटघोरा में अभिरक्षा में रखा गया है। खनिज विभाग के अनुसार जिले में अवैध खनन के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई जारी है। अप्रैल से 15 जून तक अवैध उत्खनन के 12 प्रकरणों में 6 लाख 74 हजार 100 रुपये, अवैध परिवहन के 89 प्रकरणों में 7 लाख 37 हजार 931 रुपये तथा अवैध भण्डारण के 10 प्रकरणों में 7 लाख 14 हजार 810 रुपये की वसूली की गई है। इस अवधि में कुल 18 लाख 70 हजार 473 रुपये राजस्व की वसूली की जा चुकी है। खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि अभियान का उद्देश्य अवैध खनन गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना तथा शासकीय राजस्व की हानि को रोकना है। विभाग ने चेतावनी दी है कि खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957, छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 तथा अन्य वैधानिक प्रावधानों के तहत दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी और अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण के खिलाफ अभियान लगातार संचालित किया जाता रहेगा।

## विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षण शुल्क घोटाला

# विद्युत कंपनी के अनुदान के बाद भी खर्च कर दी गई फीस की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी द्वारा कर्मचारियों के बच्चों के लिए संचालित स्कूलों में वर्षों से विद्यार्थियों से वसूली जा रही शिक्षण शुल्क राशि अब बड़े विवाद का कारण बनती जा रही है। सवाल यह उठ रहा है कि जब स्कूलों के संचालन, शिक्षकों और कर्मचारियों के वेतन, महंगाई भत्ते तथा अन्य प्रमुख खर्चों का वहन स्वयं विद्युत कंपनी प्रबंधन कर रहा था, तब छात्रों से ली गई लाखों नहीं बल्कि करोड़ों रुपये की शिक्षण शुल्क राशि आखिर कहां और किस मद में खर्च हुई?

मामले ने तब नया मोड़ ले लिया जब वर्ष 2009 का एक आधिकारिक आदेश सामने आया। इस आदेश में स्पष्ट उल्लेख है कि विद्यार्थियों से प्राप्त शिक्षण एवं संरक्षण शुल्क की शेष राशि मंडल खाते में जमा करना शिक्षा समितियों की जिम्मेदारी होगी। अब इसी आदेश के आधार पर वित्तीय प्रबंधन और शुल्क व्यय को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। 27 मार्च 2009 को जारी आदेश के अनुसार कोरबा पूर्व और कोरबा पश्चिम की शिक्षा समितियों को वेतन अनुदान प्राप्त करने से पहले यह घोषणा करनी थी कि विद्यार्थियों से प्राप्त शुल्क की शेष राशि मंडल खाते में जमा करा दी गई है। यानी उस समय ही यह स्पष्ट कर दिया गया था कि छात्रों से प्राप्त फीस शिक्षा समितियों की स्वतंत्र निधि नहीं है। ऐसे में यदि वर्षों तक इस राशि का उपयोग अन्य मदों में किया गया तो इसकी अनुमति किस स्तर से मिली और किस नियम के तहत मिली।



विद्युतगृह स्कूल पश्चिम।

### कोरबा ईस्ट ने जमा की राशि

सूत्रों के अनुसार कोरबा ईस्ट शिक्षा समिति ने प्राप्त शुल्क राशि को नियमानुसार जमा किया, जबकि दर्री वेस्ट शिक्षा समिति में इस राशि का उपयोग विभिन्न खर्चों में किए जाने की जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि लाखों रुपये की राशि यात्रा भत्ता (टीए), बैठकों, निरीक्षणों तथा अन्य प्रशासनिक गतिविधियों में खर्च दर्शाई गई है। यदि जांच में यह तथ्य सही पाए जाते हैं तो यह वित्तीय नियमों के पालन और जवाबदेही पर गंभीर प्रश्न खड़े कर सकता है।

### टीए और बैठकों पर खर्च हुई फीस

मामले का सबसे विवादित पहलू बच्चों की फीस से किए गए कथित टीए भुगतान को लेकर है। आरोप है कि विभिन्न बैठकों, निरीक्षणों और प्रशासनिक गतिविधियों के नाम पर बड़ी राशि खर्च की गई। कर्मचारियों और अभिभावकों का सवाल है कि जब स्कूल छात्र संख्या में गिरावट, संसाधनों की कमी और आधारभूत सुविधाओं के संकट से जूझ रहे थे, तब बच्चों की फीस का उपयोग स्कूलों के विकास के बजाय प्रशासनिक खर्चों में क्यों किया गया।

स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों और कर्मचारियों के वेतन, महंगाई भत्ता, भविष्य निधि में प्रबंधन अंशदान तथा अन्य कई प्रशासनिक खर्चों का वहन विद्युत कंपनी प्रबंधन करता रहा है। यानी स्कूलों का अधिकांश वित्तीय भार पहले से ही बोर्ड के जिम्मे था। इसके बावजूद विद्यार्थियों से नियमित रूप से शिक्षण शुल्क लिया जाता रहा। अब अभिभावकों और कर्मचारियों के बीच यह सवाल जोर पकड़ रहा है कि आखिर इस राशि का उपयोग किस उद्देश्य के लिए किया गया।

### जनता संघ ने विशेष फोरेंसिक कोचिंग की रखी मांग

जनता संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल वाइडी ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच और विशेष फॉरेंसिक कोचिंग की मांग की है। उनका कहना है कि अगर किसी निवेशक के खिलाफ जांच सामने आती है तो जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया जाना चाहिए। यह एकमात्र वित्तीय मामला नहीं है बल्कि हजारों मजदूरों और कलाकारों की मेहनत की कमाई का नुकसान है।

### नियमों के तहत खर्च की गई राशि

विद्यार्थियों से प्राप्त शिक्षण शुल्क का व्यय पूरी तरह नियमों और निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप किया गया है। राशि के उपयोग में किसी प्रकार की अनियमितता नहीं बरती गई है तथा सभी खर्चों का विवरण अभिलेखों में उपलब्ध है।

**-अजय सिंह कोरमि**
सचिव, विगृउमा विद्यालय क्र. 2

# तेज रफ्तार बाइक ठेले से टकराई, मौके पर मौत



हादसे में मृत निगम कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बुधवारी बाईपास मार्ग पर शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे हुए भीषण सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। तेज रफ्तार बाइक सवार निगम कर्मी सड़क पर जा रहे एक ठेले से टकरा गया। मृतक की पहचान सुनील गुप्ता उम्र 35 वर्ष के रूप में हुई है। वह नगर निगम में कार्यरत था।

जानकारी के अनुसार नो एंट्री खुलने के बाद बुधवारी बाईपास मार्ग पर भारी वाहनों और दोपहिया वाहनों की आवाजाही बढ़ जाती है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुनील गुप्ता टीपी नगर की ओर से बाइक पर आ रहा था। इसी दौरान बुधवारी की ओर जा रहे ठेला चालक कृष्णा कुमार के ठेले से उसकी बाइक पीछे से टकरा गई। ठेला चालक ने पुलिस को बताया कि बाइक की रफ्तार काफी तेज थी। उसके अनुसार चालक ने ब्रेक लगाने का प्रयास भी नहीं किया और सीधे ठेले के पिछले हिस्से से जा भिड़ा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार सुनील गुप्ता के सिर में गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और अफ़रा-तफ़री का माहौल बन गया। हादसे की सूचना मिलते ही मानिकपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक को हटाकर यातायात बहाल कराया और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की।

# कटघोरा-अंबिकापुर नेशनल हाईवे पर पुलिस का सघन चेकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिले के प्रमुख मार्गों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान शुरू किया गया है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतीश ठाकुर और कटघोरा एसडीओपी विजय सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी अपनी टीम के साथ कटघोरा-अंबिकापुर नेशनल हाईवे-130 पर वृहद चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बांगो थाना पुलिस स्टाफ भी मौजूद रहा।



हाइवे पर कार्रवाई करती पुलिस टीम।

अभियान के दौरान दोपहिया वाहनों में तीन सवारी बैठाकर चलने वालों, शराब पीकर वाहन चलाने वालों, ब्लैक फिल्म लगे वाहनों तथा चार पहिया एवं भारी वाहनों की सघन जांच की गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। वहीं, ब्लैक फिल्म लगे वाहनों से मौके पर ही ब्लैक फिल्म हटवाकर संबंधित वाहन चालकों पर भी जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा नो-एंट्री के दौरान कटघोरा शहर के भीतर प्रवेश करने वाले भारी वाहनों को रोकते हुए उन्हें बायपास मार्ग से जाने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने तथा सुरक्षित यात्रा के प्रति जागरूक भी किया। कटघोरा एसडीओपी विजय सिंह राजपूत ने बताया कि कटघोरा से अंबिकापुर नेशनल हाईवे पर लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए यह विशेष चेकिंग अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि आम लोगों की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस की इस कार्रवाई से नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों में हड़कंप की स्थिति देखी गई।

# नवविवाहिता की तीन दिन बाद कब्र खोद की जा रही जांच- पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्यांग थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छिरहुट में शनिवार को 23 वर्षीय नवविवाहिता की कब्र खोदकर उसका शव बाहर निकाला गया। यह कार्यवाही पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी में की गई। मृतका के मायके पक्ष ने उसकी मौत पर शक जताते हुए शिकायत दर्ज कराई थी।

जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के कुमा गांव की निवासी युवती का विवाह तीन साल पहले छिरहुट गांव के युवक से हुआ था। दंपती का डेढ़ साल का एक बच्चा भी है। पति ने बताया था कि 16 जून को उसकी तबीयत अचानक बिगड़ी और उसकी मृत्यु हो गई। इसके बाद परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव को दफना दिया था। बताया जा रहा है कि मृतका के मायके पक्ष को उसकी मौत की सूचना मिलने पर संदेह हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि पति पत्नी के चरित्र पर संदेह को लेकर अक्सर झगड़ा करता था। मायके वालों ने पति पर हत्या कर शव दफनाने का आरोप लगाते हुए श्यांग थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और शव के उत्खनन की मांग की। शिकायत मिलने के बाद श्यांग थाना पुलिस ने कार्यवाही की।

**कार्यालय कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

विवाह प्र. क्र 160/ब-121 / 2025-2026
ग्राम - केरा तहसील - शिवरीनारायण

आवेदक श्री राहुल जांगड़े उम्र 26 वर्ष पिता श्री मिलग राम जाति सतनामी निवासी केरा तहसील शिवरीनारायण थाना नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका बबली पटेल उम्र 25 वर्ष पिता श्री जगन्नाथ जाति मरार निवासी मोहतरा तहसील शिवरीनारायण थाना नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**बनाम**

छत्तीसगढ़ शासन **ईश्तहार**

आम जनता ग्राम केरा तहसील शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राहुल जांगड़े उम्र 26 वर्ष पिता श्री मिलग राम जाति सतनामी निवासी केरा तहसील शिवरीनारायण थाना नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका बबली पटेल उम्र 25 वर्ष पिता श्री जगन्नाथ जाति मरार निवासी मोहतरा तहसील शिवरीनारायण थाना नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा / आपत्ति हो तो वह अपनी दावा / आपत्ति इस कार्यालय में दिनांक 24.06.2026 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.05.2026 को कार्यालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**डिप्टी कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी**
**जिला जाजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**कार्यालय कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

विवाह प्र. क्र 161/ ब-121/2025 2026
ग्राम- केरा तहसील - शिवरीनारायण

आवेदक श्री राज जांगड़े उम्र 24 वर्ष पिता श्री मंगलू राम जांगड़े जाति सतनामी निवासी केरा तहसील शिवरीनारायण थाना नवागढ़ जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका निधिरानी देवांगन उम्र 19 वर्ष पिता श्री समारू देवांगन जाति कोष्टा निवासी केरा तहसील शिवरीनारायण थाना नवागढ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**बनाम**

छत्तीसगढ़ शासन **ईश्तहार**

आम जनता ग्राम केरा तहसील शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राज जांगड़े उम्र 24 वर्ष पिता श्री मंगलू राम जांगड़े जाति सतनामी निवासी केरा तहसील शिवरीनारायण थाना नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका निधिरानी देवांगन उम्र 19 वर्ष पिता श्री समारू देवांगन जाति कोष्टा निवासी केरा तहसील शिवरीनारायण थाना नवागढ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा / आपत्ति हो तो वह अपनी दावा / आपत्ति इस कार्यालय में दिनांक 24.06.2026 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.05.2026 को कार्यालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**डिप्टी कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार शिवरीनारायण,**
**जिला- जांजगीर-चांपा**

क्र. / 698 / वा. / तह. / 2025-26
शिवरीनारायण, दिनांक 19.06.2026

विषयांतर्गत लेख है कि इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण क्रमांक 202605062700035/ अ-6अ/2025-26 पक्षकार बंशीलाल पिता दवन साहू बनाम जयवर्धन वगैरह में सामाचारा पत्र के माध्यम से अनावेदकगण को नोटिस तामिल किया जाना है। जिसका विवरण निम्ननानुसार हैः- आप सभी अनवोदकगण जयवर्धन पिता खीखराम चौहान, वेणु गोपाल पिता खीखराम चौहान जानकी पिता खीखराम चौहान सभी जाति गाडा, संतोष कुमार पिता दाऊराम जाति कुर्मी को दैनिक सामाचार पत्र के माध्यम से नोटिस तामिल किया जाता है कि उपरोक्त प्रकरण में आपका पक्ष / जवाब प्रकरण के सुनवाई दिनांक 25.06.2026 को नियत की गई है। अतः आप उक्त सुनवाई नियत दिनांक को अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से अनिवार्यतः उपस्थित होना सुनिश्चित करें। यदि नियत समयावधि में आप अनुपस्थित पाये जाते है अथवा किसी प्रकार से जवाब पेश नहीं किया जाता है तो आपके विरूद्ध प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा । जिसकी समस्त जिम्मेदारी आपकी होगी ।

**तहसीलदार**
**शिवरीनारायण**

जाँजगीर मार्केट

फर्नीचर, इमारती, सेंट्रींग लकड़ी थोक में
लकड़ी सेंट्रींग प्लाई, बल्ली बांस, चेहली, राफ्टर, बेड़ी, दरवाजे, चौखट, खिड़की, तखत, टेबल, दीवान, पलंग, आलमारी, सोफासेट, ड्रेसिंग, कुलर, स्टेडी टेबल, अन्य आधुनिक फर्नीचर कम दर में प्राप्त करें।
डीलर: अग्नि शामक यंत्र फायर सेफ्टी के विक्रेता।
विशेष: सेन्ट्रींग की लकड़ी फर्मा किराये में उपलब्ध।
शंकर सिंघानिया: मो.9302362173
आदित्य सिंघानिया: मो. 6260115021
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर

प्रवेश प्रारंभ
YASH ITI Lachhanpur Champa
N.C.V.T. and D.G.E.T.
दिल्ली एवं छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त कोर्स
ENGINEERING COURSE
1. Electrician 10TH PASSED 2 Year Course
2. Fitter 10TH PASSED 2 Year Course
3. Welder 10TH PASSED 1 Year Course
4. Diesel Mechanic 10TH PASSED 1 Year Course
NON- ENGINEERING COURSE
1. COPA - 10TH PASSED 1 Year Course
2. Health Senatory Inspector-10TH PASSED 1 Year Course
3. Steno Grapher (Hindi)-10TH PASSED 1 Year Course
संपर्क- यश आई.टी.आई.
साईं मंदिर के पास लछनपुर (चांपा), जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
मो. 88719-11141, 97533-79677

TOP IN JANJGIR

APPROVED BY
NSDC CENTER NO. 69240
पैरामेडिकल एवं नर्सिंग कोर्स
10 वी एवं 12 वी के छात्रो के लिए सुनहरा अवसर एक वर्षीय कोर्स
प्रवेश प्रारंभ सीमित सीट उपलब्ध
आकाश एजुकेशनल एकेडमी
केरा रोड, रजनीश बुक डिपो के सामने तिवारी काम्प्लेक्स
जांजगीर (छ.ग.) 495668 मो . 9399743304
कोर्स
MPW-पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
COT-सर्टिफिकेट इन OT टेक्नीशियन
DMLT-डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
EMT-पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नी.
एक्स-रे टेक्नीशियन
पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियन एसिसटेंश
अस्पतालो या पैथोलैब में कार्यरत विद्यार्थियो के पत्राचार एवं साप्ताहिक सुविधा उपलब्ध

ADMISSIONS OPEN
Balvatika
PLAY SCHOOL
PLAYGROUP TO CLASS 8TH
PLAYGROUP NURSERY JUNIOR KG SENIOR KG CLASS 1st to CLASS 8th
Founder & Director
DHANANJAY CHATURVEDI
B.Tech, M.Tech, M.Sc,
B.Ed, PhD Pursuing
15 Years Experience
9098888246 | 9098888644

EDUCATION HUB
एक सफल भविष्य की शुरुआत
ADMISSION OPEN ENROLL NOW
CG & CBSE BOARD
Hindi & English Medium
CLASSES 1st to 8th ALL SUBJECT
SPECIAL CLASS 9th to 12th
PHYSICS | CHEMISTRY | MATHSBIOLOGY | COMMERCE
Founder & Director
DHANANJAY CHATURVEDI
B.Tech, M.Tech, M.Sc,
B.Ed, PhD Pursuing
15 Years Experience
9098888246 | 9098888644

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोडों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# धनुष की फिल्म 'ओम' से उठा पर्दा, अक्टूबर में होगी रिलीज

**मुंबई।** धनुष की जिस तमिल फिल्म 'ओम' का लंबे समय से इंतजार हो रहा था, उसकी रिलीज डेट सामने आ गई है। यह फिल्म 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। राजकुमार पेरियासामी इसे निर्देशित कर रहे हैं। फिल्म का लगभग 60 से 65 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इसकी कहानी को कई अध्यायों में परत-दर-परत बताया जाएगा। 'ओम' नाम सिर्फ सुनने में ही अच्छा नहीं है, बल्कि यह कहानी से गहराई से जुड़ा है। यह फिल्म असल जिंदगी की घटनाओं से प्रेरणा लेती है। मलयालम के मशहूर अभिनेता मामूटी फिल्म में कार्तिकयन का किरदार निभा रहे हैं। उनका यह किरदार भी असल जिंदगी की घटनाओं से प्रेरित है।

लाइफ Style



# किआरा

## प्रेग्नेंसी में 'देवी' और बाद में मोटी

बॉलीवुड अभिनेत्री किआरा आडवाणी इन दिनों फिल्म 'टॉक्सिक' से चर्चा में हैं। एक्ट्रेस ने मदरहुड के लेकर अपने अनुभव शेयर किए हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान महिलाओं को कई भावनात्मक और शारीरिक बदलावों से गुजरना पड़ता है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

किआरा ने प्रेग्नेंसी के बाद आने वाली चुनौतियों, समाज की अपेक्षाओं और जीवन के प्रति बदले नजरिए पर भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि मातृत्व ने उनकी सोच और जीवन को नए तरीके से देखने का नजरिया दिया है।

बता दें कि किआरा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा ने 15 जुलाई, 2025 को अपनी बेटी साराया का स्वागत किया था। एक्ट्रेस ने आगे कहा, 'सबसे दिलचस्प बात यह है कि जब आप गर्भवती होती हैं, तो हर कोई कहता है, 'हे भगवान, आप कितनी खूबसूरत लग रही हैं, ये सब।' और जैसे ही बच्चा पैदा होता है, यह बदल जाता है, 'अभी मोटी लग रही हैं, थोड़ी ये लग रही हैं, थोड़ी वो लग रही हैं।

**देवी की तरह समझते हैं :** अभिनेत्री ने बताया, 'प्रेग्नेंसी के दौरान, आपको देवी की तरह समझा जाता है और बच्चे के जन्म के तुरंत बाद आपसे उम्मीद की जाती है कि आप पहले जैसी चुस्त-दुरुस्त और अपने जीवन में वापस लौट आएं लेकिन महिला के लिए सबसे मुश्किल समय प्रसव के बाद का होता है। यही वह समय है जब उसे सहारे की जरूरत होती है।

## हॉलीवुड मसाला



# एनोला होम्स... ओटीटी पर 1 जुलाई को

**लॉस एंजिल्स।** 'एनोला होम्स' अपने तीसरे सीजन के साथ लौट रही है। यह सीरीज 1 जुलाई, 2026 से सिर्फ नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। मिली बॉबी ब्राउन एक बार फिर चालाक युवा जासूस की भूमिका में दिखेंगी, जो और भी बड़े रहस्यों को सुलझाती और रोमांचक कारनामों में उलझती नजर आएंगी। इस बार कहानी में मोड़ तब आता है, जब एनोला लॉर्ड ट्यूक्सबरी (लुई पार्ट्रिज) के साथ अपनी शादी की तैयारी कर रही होती है। तभी उसके भाई शरलॉक (हेनरी कैविल) का अपहरण हो जाता है। शरलॉक को बचाने की अपनी कोशिशों में एनोला को एक बड़े राष्ट्रीय षड्यंत्र का पता चलता है।



# जेसन मोमोआ ने की विद्युत जामवाल की जमकर तारीफ

**लॉस एंजिल्स।** जेसन मोमोआ ने अपनी आने वाली फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' के सह-कलाकार विद्युत जामवाल की खूब तारीफ की है। जेसन ने विद्युत को सबसे खूबसूरत दिखने वाले पुरुषों में से एक बताया है। खास बात यह है कि यह फिल्म विद्युत के हॉलीवुड करियर की शुरुआत है। जेसन ने सिर्फ उनकी खूबसूरती ही नहीं सराही, बल्कि उनके मार्शल आर्ट्स के हुनर को भी 'अविश्वसनीय' बताया है। इससे पता चलता है कि सेट पर दोनों कलाकारों के बीच काफी सम्मान है। किताओ सकुराई के निर्देशन में बनी 'स्ट्रीट फाइटर' में विद्युत के साथ नोआ सेंटिनियो, एंड्रयू कोजी और रोमन रेंस भी दिखेंगे। यह फिल्म 16 अक्टूबर, 2026 को दुनियाभर में रिलीज होगी। एक दिलचस्प बात यह है कि इस साल की शुरुआत में लास वेगास में हुए। सिनेमाकॉन में, विद्युत ने अपने सह-कलाकारों के साथ मिलकर ट्रेलर लॉन्च के दौरान गायत्री मंत्र का जाप किया था।



# दायरा में पुलिस बनेंगे पृथ्वीराज- करीना

**मुंबई।** मेघन गुलज़ार ने अपने निर्देशन में बन रही फिल्म 'दायरा' का ऐलान कर दिया है। इस फिल्म में करीना कपूर और मलयालम सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन पहली बार एक साथ नजर आएंगे। सच्ची घटनाओं से प्रेरित इस रोमांचक थ्रिलर की कहानी मेघना, यश केसवानी और सीमा अग्रवाल ने मिलकर लिखी है। निर्माताओं ने फिल्म के सेट से एक बीटीएस वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया है। साथ में इसकी रिलीज तारीख का खुलासा भी कर दिया है। यह 18 सितंबर, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। बीटीएस वीडियो के साथ आई रिलीज तारीख जंगली पिक्चर्स और पेन स्टूडियोज द्वारा निर्मित 'दायरा' में, करीना और पृथ्वीराज पहली बार पुलिस अधिकारी के किरदारों में नज़र आएंगे।




# फिल्म बांदर ने जीता ऑस्ट्रेलिया का दिल

**मुंबई।** बॉबी देओल की थ्रिलर फिल्म 'बांदर', जो 5 जून को रिलीज हुई और फिलहाल सिनेमाघरों में दर्शकों का दिल जीत रही है, इस साल मेलबर्न में नेशनल इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ ऑस्ट्रेलिया का समापन करेगी। अनुराग कश्यप निर्देशित इस फिल्म को रिलीज के बाद से ही इसकी अनूठी कहानी और दमदार अभिनय के लिए खूब सराहा जा रहा है। यही वजह है कि नीफा के ऑस्ट्रेलिया भर के बड़े दौरे के लिए इसे समापन फिल्म के तौर पर चुना गया है। इस साल यह फेस्टिवल ऑस्ट्रेलिया के 9 शहरों में आयोजित किया गया, जहां नई और चर्चित फिल्मों के साथ-साथ 'मंथन' जैसी क्लासिक फिल्मों को भी 4के क्वालिटी में पेश किया गया। बॉबी के अलावा, 'बांदर' में सान्या मल्होत्रा और राज बी शेट्टी भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

## टीवी मसाला



# शिल्पा शिंदे का 'टीवी माफिया' पर फूटा गुस्सा- रास्ते पर सब्जी बेच लूंगी

**मुंबई।** 'भाभी जी घर पर हैं' के निर्माता पर लगाए गए यौन शोषण के आरोपों को लेकर चर्चा में चल रहीं शिल्पा शिंदे ने अब अभिनेता शहजादा धामी के मामले पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। शहजादा के करीब 30 लाख रुपये के बकाया भुगतान न मिलने और शिकायत के बावजूद संबंधित निर्माता पर कोई कार्रवाई न होने की खबरों पर शिल्पा का गुस्सा फूटा है। टीवी 'माफिया' को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने इस पूरे सिस्टम पर गहरा आक्रोश जताया है।

***ये टीवी निर्माता माफियागिरी करते हैं :*** इंस्टाग्राम पर साझा किए गए एक वीडियो में शिल्पा ने कहा, टीवी जगत के निर्माता माफियागिरी करते हैं। टीवी इंडस्ट्री में एक 'व्हाइट कॉलर माफिया' काम कर रहा है। जो निर्माता इस सिस्टम का साथ नहीं देते या सहयोग नहीं करते, उन्हें भी धमकाया जाता है। उन्हें कथित तौर पर ये कहकर डराया जाता है कि अगर भविष्य में उनके साथ कुछ भी गलत हुआ तो कोई उनका साथ नहीं देगा और उनका काम या शो बंद करवा दिया जाएगा।

***ढोंग करने वालों पर भड़कीं शिल्पा :*** शिल्पा ने उन लोगों पर भी तीखा तंज कसा जो कलाकारों के जिंदा रहते तो उनका साथ नहीं देते, लेकिन उनके निधन के बाद शोक मनाने आ जाते हैं। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा, कलाकारों का साथ कौन देगा? आप किसी के मरने के बाद इंस्टाग्राम पर आकर रो रहे हो। आप लोग वही हो जो मोमबत्ती लेकर मरने के बाद आ जाते हो और बेमतलब की फुटेज खाते हो।

## रैपर सेंटी 'बिग बॉस 20' में ले सकते हैं हिस्सा

**मुंबई।** सलमान खान का रियलिटी शो 'बिग बॉस' एक बार फिर चर्चा में है।



पिछले दिनों कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया था कि इसका 20वां सीजन सितंबर, 2026 से दर्शकों के बीच लौट सकता है। इसके बाद से संभावित प्रतियोगियों के नामों पर अटकलें लगनी शुरू हो गई हैं कि घर में कौन-कौन आएगा। सबसे ज्यादा जिस नाम की चर्चा है, वो रैपर सेंटी शर्मा हैं। आइए जानते हैं कि वह कौन हैं, जो सलमान के शो में आ सकते हैं। सेंटी का असली नाम गणेश शर्मा है और वह मध्य प्रदेश के शहर रतलाम के रहने वाले हैं। पेशे से रैपर, गीतकार और गायक हैं, जिन्हें संगीत जगत में उभरने वाले शुरुआती हिप-हॉप कलाकारों में से एक माना जाता है। अपने गानों से उन्होंने सोशल मीडिया पर फैंस की बड़ी तादात बना रखी है। अक्षय कुमार की फिल्म 'हाउसफुल 5' के एंथम ट्रैक में रैपर ने अपनी आवाज देकर बॉलीवुड में डेब्यू किया और व्यापक लोकप्रियता हासिल की।

# कौन हैं संस्कृति जयना... जिन्होंने 'कृष्णावतरम' में निभाई सत्यभामा की भूमिका

**मुंबई।** फिल्म 'कृष्णावतारम पार्ट 1: द हार्ट' में संस्कृति जयना ने भगवान श्रीकृष्ण की पत्नी सत्यभामा की भूमिका अदा की है। इस फिल्म के बाद से वह चर्चा में आ गई हैं। हर कोई उनके बारे में जानना चाह रहा है। आपको बता दें कि उनका गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री से खास नाता है।

***संस्कृति की पारिवारिक पृष्ठभूमि :*** संस्कृति जयना गुजरात की पूर्व मुख्यमंत्री और उत्तर प्रदेश की वर्तमान राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की पोती और बिजनेसमैन अनार पटेल की बेटी हैं, जो क्राफ्टरूट्स और ग्रामश्री के साथ अपने काम के लिए जानी जाती हैं। उनके पिता, जयेश पटेल, एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं।

***फैशन करियर में बनाई पहचान :*** फिल्म जगत में डेब्यू करने से पहले, संस्कृति ने फैशन मैनेजमेंट और व्यवसाय का अध्ययन किया और लंदन के राडा, ली स्ट्रासबर्ग थिएटर एंड फिल्म स्कूल, न्यूयॉर्क फिल्म अकादमी और लंदन कॉलेज ऑफ फैशन में अभिनय और नृत्य का प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्होंने 16 साल की उम्र में अपना खुद का फैशन ब्रांड शुरू किया। बाद में उन्होंने कंसल्टिंग के क्षेत्र में कदम रखा और जिमी चू और बोटेगा वेनेटा जैसे ब्रांडों के साथ काम किया, साथ ही अपनी मां के सामाजिक उद्यमों, क्राफ्टरूट्स और ग्रामश्री के लिए मार्केटिंग का काम भी संभाला।

## गुजरात के पूर्व सीएम से है खास नाता



## सत्यभामा की भूमिका से जीता दिल

कृष्णावतारम भाग 1: हार्ट फिल्म में श्रीकृष्ण की कहानी सत्यभामा के दृष्टिकोण से बताई गई है, जिससे संस्कृति को सहायक भूमिका के बजाय फिल्म के केंद्र में रखा गया है. फिल्म में उनके चरित्र को बहुत ही बखूबी ढंग से दर्शाया गया है। बता दें कि रिलीज से पहले स्पेशल स्क्रीनिंग के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सत्यभामा के रूप में उनके अभिनय की प्रशंसा की और कहा कि उन्होंने भारतीय संस्कृति और परंपरा की भावना का अच्छी तरह प्रतिनिधित्व किया है।

# 'वनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' की 10 दिन और शूट करेंगे सिद्धार्थ- तमन्ना

**मुंबई।** सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'वनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' की शूटिंग अब 10 दिन और चलेगी। टीम ने जब फिल्म का अंतिम कट देखा, तो उन्हें महसूस हुआ कि कुछ खास पलों, खासकर क्लाइमैक्स में और अधिक जान डालने की जरूरत है।



उनका मानना है कि ऐसा करने से फिल्म सिनेमाघरों में दर्शकों पर गहरा प्रभाव छोड़ पाएगी। अच्छी बात यह है कि फिल्म अपनी तय रिलीज 28 अगस्त को ही सिनेमाघरों में दस्तक देगी, इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है।

***निर्देशक 'वन' की दुनिया को दे रहे हैं नया विस्तार :*** दीपक कुमार मिश्रा और अरुणभ कुमार के निर्देशन में बनी फिल्म 'वन' पौराणिक कथाओं, रहस्य और जंगल से जुड़ी लोककथाओं का मिश्रण है, जिसे एक थ्रिलर के रूप में पेश किया गया है। फिल्म निर्माता एक ऐसी समृद्ध दुनिया तैयार करना चाहते हैं, जिसमें माहौल से जुड़े बारीक विवरण हों और स्थानीय कहानियों की परंपरा भी झलकती हो। शूटिंग का समय बढ़ाने का यह फैसला दर्शाता है कि वे चाहते हैं कि फिल्म का क्लाइमैक्स दर्शकों के दिलो-दिमाग पर अपनी छाप छोड़े।

# ओटीटी पर एंटरटेनमेंट का जबरदस्त डोज, 'दृश्यम 3' से लेकर 'सेव द टाइगर्स 3' तक रिलीज हो रही ये फिल्में...

*मुंबई। अगर आप इस हफ्ते अपने वीकेंड को मजेदार बनाना चाहते है तो बता दें कि इस बीच ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर आपको एंटरटेनमेंट का जबरदस्त डोज देखने को मिलने वाला है क्योंकि सस्पेंस, एक्शन, कॉमेडी और ड्रामा से भरपूर इस हफ्ते कई नई फिल्में और वेब सीरीज अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज हो रही हैं। कौन-कौन सी है वो फिल्में और वेब सीरीज चलिए है।*



## 'दृश्यम 3'

इस हफ्ते सबसे ज्यादा चर्चा मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल मच वाइटेड फिल्म 'दृश्यम 3' को लेकर है। यह फिल्म 18 जून से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो चुकी है। निर्देशक जीतू जोसेफ की इस थ्रिलर में जॉर्जकुट्टी की कहानी को आगे बढ़ाया गया है, जो अपने अतीत के फैसलों और उनके मानसिक प्रभावों से जूझता नजर आता है। फिल्म में मीना, अंसीबा हसन, एस्थर अनिल और आशा शरथ भी अहम भूमिकाओं में दिखाई दे रही हैं।

## 'अथिराडी'

वहीं मलयालम सिनेमा के फैंस के लिए फिल्म 'अथिराडी' ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज होने वाली है, जो 19 जून से सोनी लिव पर उपलब्ध हो गई है। यह एक्शन-कॉमेडी ड्रामा कॉलेज लाइफ और यंग जनरेशन के बीच जोश की कहानी को दर्शाती है। बता दें, फिल्म में बेसिल जोसेफ, रिया शिबू और टोविनो थॉमस मुख्य भूमिकाओं में हैं।

## 'द एजेंसी' सीजन 2'

*इसके साथ ही जासूसी और थ्रिलर कंटेंट पसंद करने वालों के लिए 'द एजेंसी' का दूसरा सीजन भी तैयार है। माइकल फासबेंडर और जेफरी राइट जैसे सितारों से सजी यह सीरीज 21 जून से पैरामाउंट+ पर स्ट्रीम होगी। खास बात है कि इसके पहले सीजन को दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया था।*

## 'सेव द टाइगर्स'

*तेलुगु कॉमेडी-ड्रामा 'सेव द टाइगर्स' का तीसरा सीजन भी 19 जून से जियोहॉटस्टार पर रिलीज हो गई है। पारिवारिक रिश्तों और हास्य से भरपूर यह शो पहले दो सीजन की सफलता के बाद वापसी कर रहा है.*

## 'शुगर' सीजन 2

*इसके अलावा रहस्य और सस्पेंस से भरपूर 'शुगर' का भी दूसरा सीजन 19 जून को एप्पल टीवी+ पर रिलीज चुका है। प्राइवेट जासूस जॉन शुगर की कहानी को आगे बढ़ाने वाली इस सीरीज में कॉलिन फैरेल मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। कुल मिलाकर ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर हर जेनर के दर्शकों के लिए कुछ न कुछ खास होने वाला है।*

# समय रैना का धमाका

## नेटफ्लिक्स पर हुई 'इंडियाज गॉट लेटेंट 2' की एंट्री; प्रोमो वायरल

**मुंबई।** कॉमेडियन समय रैना के रियलिटी शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' के फैंस के लिए एक खुशखबरी है। यूट्यूब के बाद अब ये शो अपने सीजन 2 के साथ सीधे दुनिया के सबसे बड़े ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक देने के लिए पूरी तरह तैयार है। दूसरे सीजन का पहला प्रोमो रिलीज हो गया है। समय के इस शो ने इंटरनेट पर जबरदस्त सनसनी मचाई थी और अब नेटफ्लिक्स पर इसकी एंट्री के ऐलान ने फैंस का उत्साह दोगुना कर दिया है।



***नहीं बदलेगा शो का अंदाज :*** कॉमेडियन समय रैना ने घोषणा की है कि उनका शो 'इंडिया गॉट लेटेंट' का दूसरा सीजन नेटफ्लिक्स और यूट्यूब, दोनों प्लेटफॉर्म्स पर एक साथ रिलीज होगा। उन्होंने फैंस को भरोसा दिलाया कि शो का कंटेंट पहले की तरह बिना किसी कांट-छांट के बेबाक रहेगा। समय ने शो के प्रोमो में बताया कि नेटफ्लिक्स पर सिर्फ 2 फर्क दिखेंगे। पहला वहां विज्ञापन नहीं होंगे और दूसरा उधर कमेंट सेक्शन मिलेगा, जबकि यूट्यूब पर दर्शकों को पूरा अनुभव पहले की तरह मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### शिवरीनारायण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक आयोजित



**शिवरीनारायण।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शिवरीनारायण स्थित महानदी तट के समीप सत्संग भवन में योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगरवासियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता करते हुए विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को वर्तमान जीवनशैली में योग के महत्व एवं उससे होने वाले शारीरिक, मानसिक तथा आध्यात्मिक लाभों की जानकारी दी गई। नियमित योगाभ्यास स्वस्थ एवं संतुलित जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है तथा यह तनावमुक्त जीवन जीने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में नगर के तक्षशिला इंटरनेशनल स्कूल के नवीन डे सर एवं शिक्षकों द्वारा विशेष रूप से योगाभ्यास कराया गया। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम की विधियों का अभ्यास कराते हुए उनके लाभों के बारे में विस्तार से बताया। योग दिवस कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल थवाईत,चेतन विक्की सोनी,विष्णु हरि गुप्ता,राजेश अग्रवाल,अमन कुंभकार सहित अनेक गणमान्य नागरिक, स्वच्छता दीदियां, नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम का समापन स्वस्थ, निरोग एवं जागरूक समाज के निर्माण के संदेश के साथ हुआ। राहुल थवाईत ने कहा अपने जीवन में प्रतिदिन कम से 15 मिनट योग अभ्यास जरूरी है

### योग दिवस पर छात्रों, शिक्षकों और स्टाफ ने सामूहिक रूप से किया योगाभ्यास



**बिर्रा।** सीमा शुक्ला मेमोरियल वेलफेयर कल्याण समिति द्वारा संचालित शुक्ला इंटरनेशनल स्कूल में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 7 बजे स्कूल परिसर में हुई जहां छात्रों, शिक्षकों और स्टाफ ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया और सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, अनुलोम-विलोम एवं ध्यान की क्रियाएं की गईं। स्कूल संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि जीवन जीने की कला है और आज के तनावपूर्ण समय में 15 मिनट का नियमित योग बच्चों की एकाग्रता और स्वास्थ्य दोनों को बेहतर बनाता है। वहीं डॉ. शुभम शुक्ला एमबीएस एमडी मेडिसिन ने कहा कि चिकित्सकीय दृष्टि से भी योग हृदय, पाचन और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी है और स्कूल स्तर से इसकी शुरुआत करना सबसे सही कदम है। आयोजकों ने बताया कि योग दिवस का उद्देश्य छात्रों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। इस दौरान सभी को नियमित अभ्यास करने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम में डॉ. ईश्वर प्रसाद शुक्ला, डॉ. प्रियंका शुक्ला, डॉ. शुभम शुक्ला, डॉ. आकृति शुक्ला, साकेत शुक्ला,प्राचार्य विशाल पाण्डेय, मनोज तिवारी, फिरत साहू, श्रवण कश्यप, सिया शुक्ला और शुभ शुक्ला,मोहम्मद शफी शेख ,लता पटेल, आशीष टण्डन ,रिया कश्यप,मोनिका कश्यप, दीपक कश्यप,बबिता खूंटे, इंदु रानी खूंटे सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में स्कूल प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों को योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश देकर कार्यक्रम का समापन किया।

वित्त मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री के मुख्य आतिथ्य में जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों एवं नागरिकों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

# योग हमारी विरासत और स्वस्थ जीवन का आधार : चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार 21 जून को जिला मुख्यालय स्थित भीमा तालाब, जाज्वल्य देव द्वार के पास सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के वित्त मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओ पी चौधरी शामिल हुए।

वित्त मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओ पी चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों के कारण आज योग को वैश्विक पहचान मिली है और पूरी दुनिया योग दिवस मना रही है। यह “विकास भी, विरासत भी” की सोच का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसमें भारत की प्राचीन परंपरा और ज्ञान को विश्व मंच पर प्रतिष्ठा प्राप्त हुई है। प्रभारी मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि वर्तमान समय में मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग तथा अन्य गंभीर बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। असंतुलित जीवनशैली धीरे-धीरे गंभीर बीमारियों का कारण बनती है। उन्होंने कहा कि शरीर के विभिन्न अंग लंबे समय तक हमें स्वस्थ बनाए रखने का प्रयास करते हैं, लेकिन एक सीमा के बाद समस्याएं सामने आने लगती हैं। इसलिए बड़ी बीमारियों के आने की प्रतीक्षा करने के बजाय पहले से ही स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना आवश्यक है। योग, प्राकृतिक चिकित्सा एवं संतुलित जीवनशैली को अपनाकर अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं है, बल्कि मानसिक शांति और संतुलन प्रदान करने का भी सशक्त साधन है। योग व्यक्ति को तनावमुक्त, सकारात्मक और अनुशासित जीवन जीने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करने तथा स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। योग दिवस के अवसर पर पामगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत कुटराबोड़ के मलखंभ खिलाड़ी डिंपी सिंह ने अपने उत्कृष्ट करतबों का प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। उनके प्रदर्शन की सराहना करते हुए प्रभारी मंत्री श्री चौधरी ने स्वेच्छानुदान मद से 25 हजार रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम के उपरांत प्रभारी मंत्री ने ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान के तहत भीमा तालाब परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व संसदीय सचिव अंबेश जांगड़े , पूर्व सांसद श्रीमती कमला देवी पाटले,पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी, नगर पालिका अध्यक्ष जांजगीर-नैला श्रीमती रेखा देवा गढ़ेवाल, जिला पंचायत सदस्य राजकुमार साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती उमा राठौर, अमर सुलतानिया, इंजी रवि पांडेय, पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक विजय पाण्डेय, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे, विभिन्न खेल संघों, लायंस क्लब, पतंजलि योग समिति, सामाजिक संगठनों के सदस्य, विद्यार्थी, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिकों तथा स्कूली बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की।



योगाभ्यास करते प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी एवं जनप्रतिनिधि।



योगाभ्यास करते छात्र-छात्राएं।

### योग दिवस पर जिले को मिली तीन नई एंबुलेंस की सौगात

विश्व योग दिवस के अवसर पर प्रदेश के वित्त मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी ने जिलेवासियों को स्वास्थ्य सेवाओं की महत्वपूर्ण सौगात देते हुए तीन नई एंबुलेंस का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। उन्होंने नवागढ़, पामगढ़ एवं अकलतरा विकासखंड के लिए उपलब्ध कराई गई नई एंबुलेंसों को रवाना किया। इन एंबुलेंसों के संचालन से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सुलभ एवं सुदृढ़ होंगी।

### जिला एवं सत्र न्यायालय में न्यायाधीश के साथ अधिवक्ताओं ने किया योगाभ्यास

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं सहअध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायालय जांजगीर परिसर में योग शिविर आयोजित किया गया, जिसमें जिला एवं सत्र न्यायालय जांजगीर के समस्त न्यायाधीशगण, जिला अधिवक्ता संघ जांजगीर के अध्यक्ष, सचिव एवं समस्त अधिवक्तागण, लीगल एड डिफेंस काउंसिल, जिला न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के समस्त अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण व पैरालीगल वॉलिंटियर की उपस्थिति रहें । कार्यक्रम के प्रारंभ में माननीय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर चांपा द्वारा उपस्थित लोगों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाये जाने के उद्देश्य, योग दिवस की थीम 2026 स्वस्थ आयु के लिए योग की जानकारी देते हुए स्वास्थ्य की सुरक्षा हेतु योग की आवश्यकता के संबंध में जानकारी दिया गया। योग प्रशिक्षक रामचंद्र गोपाल जी के द्वारा उपस्थित सभी योगा प्रेमियो को योग से होने वाले फायदे व शरीर में ऊर्जा का संचार एवं परिवर्तन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए अनेक आसनों यथा सूर्य नमस्कार, अनुलोम - विलोम, सूर्य भेदन, उज्जायी, शीतकिरी, भस्त्रिका, भ्रामरी, एवं अन्य असान कराते हुए योग से होने वाले फायदे के संबंध में जानकारी साझा किया गया। द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश ने आभार प्रकट करते हुए योग करने से होने वाले फायदों एवं सभी योगा प्रेमियो को नियमित दिनचर्या में योग को शामिल करने का आग्रह कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



## विकासखंड स्तरीय योग शिविर में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं ग्रामीणों ने किया योगाभ्यास



योगाभ्यास करते एसडीएम के साथ जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पामगढ़

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विकासखंड पामगढ़ में विकास खंड स्तरीय योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जनप्रतिनिधि, अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने सामूहिक रुप से योगाभ्यास किया।

पूरे विश्व और भारत देश के साथ-साथ पामगढ़ विकासखंड में विकास खंड स्तरीय 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास कराया गया। इस योगाभ्यास में जनप्रतिनिधियों में नगर पंचायत पामगढ़ के अध्यक्ष श्रीमती गौरी छोटू जांगड़े ,जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मानस जांगड़े ,जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अजय साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधि व ग्रामीण जन सम्मिलित हुए। योग दिवस के प्रोटोकॉल के अनुसार योग शिक्षक मोहन कौशिक व उनके सहयोगी दिनेश रात्रे एवं बसंत टंडन के द्वारा योग कराया गया। योग क्रिया ओम के उच्चारण के बाद प्रार्थना से प्रारंभ हुआ सुक्ष्म व्यायाम के ग्रीवा चालान के चारों चरण स्कंद चालान, कटि चालान, घुटना संचालन कराया गया। योगासन के अंतर्गत ताड़ासन वृक्षासन पादहस्तासन, अर्ध्दचक्रासन ,त्रिकोणासन के बाद बैठकर , पेट एवं पीठ के बल लेट कर किए जाने वाले आसान पश्चात सवासन के बाद प्राणायाम कराया गया। ध्यान मुद्रा पश्चात अनुविभागीय अधिकारी आर के तंबोली द्वारा संकल्प कराये जाने के पश्चात शांति पाठ से योग क्रिया संपन्न हुआ जनप्रतिनिधियों में अजय साहू, मानस जांगड़े, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आर के तंबोली व नगर अध्यक्ष श्रीमती गौरी जांगड़े ने संबोधित किए। इस अवसर पर पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहन कौशिक व अशोक ठाकुर व्याख्याता के सेवानिवृत्ति पर अतिथियों द्वारा श्रीफल व साल से सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन मुख्य कार्यपालन अधिकारी मणि शंकर कौशिक द्वारा किया गया। इस अवसर पर लव तिवारी दिनेश थवाईत, देवेंद्र यादव सुभाष ओग्रे, कृष्णा के अलावा नायब तहसीलदार विश्वकर्मा जी विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र जोशी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी ब्रजमोहन सिंह परस्ते, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी राकेश सोनी ,गजेंद्र चौहान विजय साहू के अलावा एसडीएम, तहसील, जनपद कार्यालय के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

**खास बात**

- पूर्व बीईओ व व्याख्याता को सेवानिवृत्ति पर श्रीफल व शाला देकर किया गया सम्मानित

## स्वस्थ एवं संतुलित जीवन के लिए योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

- व्यवहार न्यायालय सक्ती में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर आयोजित

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार 21 जून को व्यवहार न्यायालय सक्ती परिसर में योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती लीना अग्रवाल अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति सक्ती, प्रशांत कुमार शिवहरे प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश सक्ती तथा सुश्री अंकिता देवदास, न्यायिक मजिस्ट्रेट सक्ती उपस्थित रही। योग प्रशिक्षक चमरू दास वैष्णव पतंजलि योग प्रभारी सक्ती, और मोहन दास वैष्णव के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्याम लाल साहू सचिव नरेंद पटेल, लीगल एड डिफेंस काउंसिल डिफ्टी चीफ धर्मेंद्र प्रसाद सोन असिस्टेंट काउंसिल त्रिभुवन जांगड़े, विष्णु अग्रवाल, अधिवक्तागण, न्यायालयीन अधिकारी एवं कर्मचारी भी शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान योग के महत्व एवं उसके स्वास्थ्य लाभों पर प्रकाश डाला गया तथा सभी को नियमित योगाभ्यास अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। योग शिविर उत्साह एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ तथा उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने स्वस्थ एवं संतुलित जीवन के लिए योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।



गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में विश्व संगीत दिवस एवं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विविध कार्यक्रमों

# योग और संगीत भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर : राठौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल जांजगीर में विश्व संगीत दिवस एवं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विविध सांस्कृतिक एवं योग संबंधी कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को संगीत एवं योग के महत्व से अवगत कराते हुए उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा मधुर संगीत, समूह गायन, वादन एवं नृत्य के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया।

संगीत दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने संगीत को जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, सृजनात्मकता एवं मानसिक शांति का माध्यम बताते हुए प्रेरणादायक प्रस्तुतियां दीं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। इस दौरान योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों पर भी प्रकाश डाला गया। स्कूल प्रबंधन के सचिव दीपक कुमार राठौर ने कहा कि “योग और संगीत भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर हैं। योग जहां शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित कर स्वस्थ जीवन की राह दिखाता है, वहीं संगीत मानव जीवन में संवेदनशीलता, सृजनशीलता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। आज के प्रतिस्पर्धी और तनावपूर्ण दौर में विद्यार्थियों के लिए योग और संगीत दोनों का महत्व और अधिक बढ़ गया है। योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाएं तथा संगीत एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से अपने व्यक्तित्व को निखारें। शिक्षा का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उपलब्धियां प्राप्त करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है। स्कूल प्रबंधन के कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि “विश्व संगीत दिवस और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं हैं, बल्कि यह हमें अपने जीवन में संतुलन, अनुशासन और रचनात्मकता को अपनाने की प्रेरणा देते हैं। योग हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ बनाता है, जबकि संगीत हमारे भावों को अभिव्यक्त करने और जीवन में आनंद एवं सकारात्मकता का संचार करने का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम को प्राचार्य पुष्पेन्द्र कुमार राणा ने भी संबोधित किया। समारोह में विद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।



कार्यक्रम में शामिल बच्चे।


